# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना ।

पत्रांक 874(अनु0) दिनांक 23/06/2022

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, पटना।

सेवा में,

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-सचिव
बी.आर.आर.डी.ए.,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय :- पटना बख्तियारपुर फोर लेन (NH-30) के 49वें कि0मी0 से चेरो नगरनौसा RCD रोड के 5वें कि0मी0 छठ्ठी घाट तक पथ निर्माण कार्य अन्तर्गत अर्जनाधीन रकवा हेतु संभावित राशि का आवंटन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :- जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, नालन्दा के पत्रांक-1386 दिनांक-20.06.2022

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि परियोजना पटना बख्तियारपुर फोर लेन (NH-30) के 49वें कि0मी0 से चेरो नगरनौसा RCD रोड के 5वें कि0मी0 छठ्ठी घाट तक पथ निर्माण कार्य अन्तर्गत भू-अर्जन हेतु मो0 9,50,35,540.00 (नौ करोड़ पचास लाख पैंतीस हजार पाँच सौ चालीस) रूपये राशि उपलब्ध कराने के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, नालन्दा द्वारा अनुरोध किया गया है।

अतः अनुरोध है कि मो0 9,50,35,540.00 (नौ करोड़ पचास लाख पैंतीस हजार पाँच सौ चालीस) मात्र आवंटन उपलब्ध कराया जाय ताकि भू-अर्जन पदाधिकारी, नालन्दा को उपलब्ध कराया जा सके।

अनु0:- यथोपरि।

विश्वासभाजन

23/6/22

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, पटना ।

23/06/2022

23/06/22

# नालन्दा समाहरणालय, बिहारशरीफ
(जिला भू–अर्जन शाखा)

पत्रांक 1386 दिनांक 20/06/2022

प्रेषक,

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
नालन्दा

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, पटना।

विषय :– संभावित गणना राशि उपलब्ध कराने के संवंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संवंध में कहना है कि परियोजना पटना वख्तियारपुर 4 लेन (NH-30) के 49वें कि0मी0 से चेरो नगरनौसा RCD रोड के 5वें कि0मी0 छठ्ठी घाट तक पथ निर्माण कार्य अन्तर्गत मौजा–वराह, थाना नं0–207 में कुल रकवा 26.51506 एकड़ भूमि का प्राप्त अधियाचना के आधार पर अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है। अर्जनाधीन रकवा का जिला अवर निवंधक, विहारशरीफ से प्राप्त प्रचलित अद्यतन MVR के आधार पर संभावित राशि की गणना की गयी है, जो निम्नवत् है :–

| क्र0 | मौजा / थाना नं0 | अर्जनाधीन रकवा (ए0) | संभावित प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | वराह / 207 | 26.51506 | 9,50,35,540.00 |

(नौ करोड़ पचास लाख पैतीस हजार पॉच सौ चालिस) रुपये मात्र

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त ग्राम में अर्जनाधीन रकवा के लिए संभावित प्राक्कलित राशि मो0 9,50,35,540.00 (नौ करोड़ पचास लाख पैतीस हजार पॉच सौ चालिस) रुपये मात्र यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

अनु: यथोक्त

विश्वासभाजन

जिला भू अर्जन पदाधिकारी,
नालन्दा।

ईमेल :- dlao.nalanda@gmail.com